# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 जनवरी 2026 — सान्ध्य समाचार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी।

इस बीच सरकार ने सोशल मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें केंद्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताइस की प्रति मैसेंजर ऐप पर लीक होने का दावा किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को निराधार बताया है। इकाई ने कहा कि प्रसारित हो रही एक तस्वीर पिछले बजट की है जो डिजिटल रूप से संपादित करके दो हजार छब्बीस–सत्ताइस की बताई गई है।

**********

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश में रामसर के फैलाव में दो नए नम भूमि क्षेत्रों को शामिल करने की घोषणा की है। ये दोनों इलाके उत्तर प्रदेश में एटा जिले के पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात में कच्छ जिले के छारी–ढांड में स्थित हैं। श्री यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रामसर फैलाव का नेटवर्क दो हजार चौदह में छब्बीस स्थलों से बढ़कर वर्तमान में अनठानबे हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन दोनों जगहों को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एटा जिले के पटना पक्षी अभयारण्य को नम भूमि क्षेत्र में शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों को बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है।

**********

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज समस्त बूथों पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इन बूथों पर बीएलओ सभी जरूरी प्रपत्रों के साथ मौजूद रहे। एक रिपोर्ट–

***एसआईआर के तहत त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में छः जनवरी को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन आज प्रदेश के सभी बूथों पर विशेष शिविर लगाकर किया गया। इस अवसर पर बीएलओ ने लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही कहा कि जिन लोगों के नाम ड्रफ्ट मतदाता सूची में नही है वे घोषणा पत्र के साथ फार्म–6 भरकर उपलब्ध करा दें। समाचार कक्ष से रीतेश।***

मऊ में जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने कई बूथों का निरीक्षण कर मतदाताओं से बातचीत की और बीएलओ को निर्देशित किया कि किसी भी पात्र नये मतदाता का नाम छूटने न पाये।

**********

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आजमगढ़ और जौनपुर जिले के लिये दो महत्वपूर्ण फोरलेन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आजमगढ़ में पन्द्रह किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन दक्षिण–पूर्व बाइपास के निर्माण के लिये एक हजार दो सौ उन्यासी करोड़ तेरह लाख रूपये लागत की स्वीकृति दी गयी है जबकि जौनपुर में बारह दशमलव दो किलोमीटर लम्बाई वाले फोरलेन वेस्टर्न बाइपास के निर्माण के लिये नौ सौ चौवालीस करोड़ उन्नीस लाख रूपये की लागत मंजूर की गयी है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार छब्बीस में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का विस्तृत वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अन्तर्गत चार दिवसीय पीसीएस–दो हजार पच्चीस की मुख्य परीक्षा उन्तीस मार्च से शुरू होगी। पीसीएस दो हजार छब्बीस की प्रारम्भिक परीक्षा की तिथि छः दिसम्बर को प्रस्तावित की गयी है।

**********

देशभर में किसानों को पचीस करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। वर्ष दो हजार पन्द्रह में सरकार ने भूमि में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की थी। पिछले वर्ष जुलाई तक इस योजना के अंतर्गत तिरानबे हजार से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है, खेतों के छह लाख से अधिक अवलोकन कार्यक्रम आयोजित हुए और हजारों जागरुकता कार्यक्रम भी संचालित किए गए। एक रिपोर्ट–

***मृदा स्वास्थ्य कार्ड हर दो वर्ष के अंतराल पर वितरित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से भूमि की भौतिक–रसायन जानकारी और पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में सूचना का प्रसार किया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को फसल आधारित खेती करने और सही मात्रा में उर्वरक तथा रासायनिक तत्वों के इस्तेमाल की जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें जैविक उर्वरक और खाद के सही उपयोग के तरीके भी शामिल हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।***

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। इस बीच मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के लिये गरज–चमक के साथ हल्की बारिश का अनुमान जताया है। कल कुछ जिलों में शीत दिवस भी हो सकता है।

**********